## रेवंत ने राज्य सरकार पर की गई टिप्पणियों को लेकर पीएम मोदी पर किया पलटवार

# तेलंगाना का प्रदर्शन किसी भी भाजपा शासित राज्य से कम नहीं

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के तहत तेलंगाना का प्रदर्शन किसी भी भाजपा शासित राज्य के बराबर है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में, मुख्यमंत्री ने प्रधान मंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि प्रिय नरेंद्र मोदी जी, हमारे राज्य और सरकार के संबंध में आपके बयानों में कुछ गलतफहमियों और तथ्यात्मक त्रुटियों को स्पष्ट करते हुए मुझे खुशी हो रही है। 7 दिसंबर, 2023 को कांग्रेस सरकार के सत्ता संभालने के बाद से, लगभग एक दशक के बीआरएस शासन के बाद, तेलंगाना में आशा और आशावाद की एक नई लहर देखी गई है। कार्यभार संभालने के दो दिनों के भीतर, हमने दो प्रमुख वादे लागू किए पहला टीजीएसआरटीसी की सभी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और दूसरा राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत 10 लाख रुपये तक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज।



पिछले 11 महीनों में, तेलंगाना भर में महिलाओं को 101 करोड़ से अधिक मुफ्त बस यात्राओं से लाभ हुआ है, जिससे कुल 3,433.36 करोड़ रुपये की बचत हुई है। हमारी सरकार ने रायथु राजू (किसान ही राजा है) के सिद्धांत पर खरा उतरते हुए भारत का सबसे बड़ा राज्य-स्तरीय किसान ऋण माफी कार्यक्रम भी शुरू किया है। 22.22 लाख से अधिक किसानों का 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया गया है, 25 दिनों के भीतर किसानों के खातों में 18,000 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं।भाजपा शासित राज्यों के विपरीत, जहां उच्च गैस की कीमतें घरों पर दबाव डालती हैं, तेलंगाना भर में महिलाओं को 200 यूनिट तक की खपत वाले घरों के लिए मुफ्त बिजली से लाभ होता है। तेलंगाना में, महिलाएं केवल 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर का लाभ उठा सकती हैं। आज तक, 42.90 लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए 1.31 करोड़ से अधिक सिलेंडर रिफिल किए गए हैं, जिससे घरेलू बोझ कम हुआ है। पिछली सरकार के तहत वर्षों तक रुकी हुई भर्ती के बाद, हमने राज्य में सबसे बड़ा भर्ती अभियान शुरू किया है, जो नियमित रूप से समूह 1 से समूह 4 पदों के लिए परीक्षा आयोजित कर रहा है। एक साल से भी कम समय में, कांग्रेस सरकार ने 50,000 से अधिक योग्य युवाओं को नौकरियां प्रदान की हैं - जो कि किसी भी भाजपा शासित राज्य द्वारा बेजोड़ उपलब्धि है।

हमारे स्कूली बच्चे, जो लंबे समय से बीआरएस के तहत उपेक्षित थे, अब कल्याण छात्रावासों में भोजन और व्यक्तिगत देखभाल की वस्तुओं के लिए वित्त पोषण में 40 प्रतिशत की वृद्धि से लाभान्वित होते हैं। हमने मुसी नदी की सफाई और पुनर्स्थापन के साथ-साथ झीलों, नालों और अन्य जल निकायों की रक्षा भी शुरू कर दी है, जिन्हें पिछले दशक में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के नेतृत्व में, हम एक व्यापक मास्टर प्लान के साथ भविष्य के शहर की नींव भी रख रहे हैं। यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी, वाईआई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और वाईआई इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूल जैसी पहल आगे बढ़ रही हैं। लोगों से किया गया हर वादा हमारे लिए एक पवित्र प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा केवल 11 महीनों में हमने तेलंगाना को पिछली सरकार द्वारा छोड़ी गई निराशा से बाहर निकाला है। सुबह के सूरज की तरह, तेलंगाना अब उग रहा है।

# विश्वविद्यालयों की विश्वसनीयता बढ़ाएं कुलपति : मुख्यमंत्री

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों की विश्वसनीयता बढ़ाने की जरूरत है।सभी विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों और तेलंगाना राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर बालकृष्ण रेड्डी ने यहां मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। पिछले महीने, राज्य सरकार ने नौ राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के लिए कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति की थी।बैठक के दौरान रेवंत ने कहा कि विश्वविद्यालयों में व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं और विश्वविद्यालयों की वर्तमान स्थिति पर एक व्यापक अध्ययन करने और उसके अनुसार कार्रवाई करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से कहा कि यदि आवश्यक हो तो परामर्शदाता नियुक्त करें और विश्वविद्यालयों के कामकाज पर एक रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि नए कुलपतियों की नियुक्ति बिना किसी प्रभाव के की गई है, उन्होंने कहा कि कुलपतियों का चयन कड़ी मेहनत करने और राज्य सरकार का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह योग्यता और सामाजिक समीकरणों के आधार पर होता है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ भी गलत हुआ तो सरकार कड़ी कार्रवाई करने से नहीं हिचकिचाएगी।कुलपतियों को कार्य करने और अच्छा करने की छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सरकार हमेशा समर्थन देगी। विश्वविद्यालयों का शत-प्रतिशत नवीनीकरण होना चाहिए। सीएम ने कहा कि पहले छात्र कुलपतियों को वर्षों तक याद करते थे, लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं है।



गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह को दीपावली की बधाई देते हुए भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी, विष्णु दास बाबू यादव एवं अन्य।



पूर्व मंत्री एवं विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव को दीपावली की बधाई देते हुए श्री बालाजी राजस्थानी मंडल के अध्यक्ष उत्तम सिंह राजपुरोहित, सचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सलाहकार नंद किशोर काबरा, अश्विन राजपुरोहित, दर्शन राजपुरोहित, ईशान राजपुरोहित एवं अन्य।

# शैव तीर्थस्थलों के लिए टीजीएसआरटीसी ने की बसों की विशेष व्यवस्था

## श्रीशैलम, वेमुलावाड़ा, धर्मपुरी, कीसरगुट्टा सहित अन्य मंदिरों के लिए हो रहा बसों का संचालन

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीए-सआरटीसी) के प्रबंध निदेशक वी सी सज्जनर ने घोषणा की कि कार्तिक के पवित्र महीने के दौरान प्रमुख शैव मंदिरों में जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि टीजीएसआरटीसी हैदराबाद से श्रीशैलम, वेमुलावाड़ा, धर्मपुरी, कीसरगुट्टा और अन्य लोकप्रिय मंदिरों सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए विशेष बसें चला रहा है।



एक बयान में कहा गया है कि हैदराबाद बस भवन में शनिवार को आयोजित एक आभासी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान, सज्जनार ने कार्तिक माह की यात्रा, सबरीमाला संचालन और महिलाओं के लिए महालक्ष्मी मुफ्त बस योजना सहित अन्य पहलों को संभालने में टीजीए-सआरटीसी के प्रदर्शन का आकलन किया। सज्जनार ने अधिकारियों को कार्तिक माह और सबरीमाला तीर्थयात्रा के लिए निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, और भक्तों को असुविधा से बचाने के लिए कुशल प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि रविवार और सोमवार को आमतौर पर शैव मंदिरों में अधिक संख्या में लोग आते हैं, और तदनुसार अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराने की सलाह दी। उन्होंने 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के लिए तमिलनाडु के अरुणाचलेश्वर मंदिर के लिए एक विशेष बस पैकेज की भी घोषणा की। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के पंचरामला के लिए हर सोमवार को समर्पित बसें संचालित की जाएंगी। इन विशेष बसों के लिए अग्रिम आरक्षण टीजीएस आरटीसी की वेबसाइट tgsrtcbus.in पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए, यात्री आरटीसी कॉल सेंटर से 040-69440000 या 040-23450033 पर संपर्क कर सकते हैं। सज्जनार ने आरटीसी बसों के किराये में कमी का भी खुलासा किया। पाले वेलुगु बस का किराया 11 रुपये प्रति किलोमीटर, एक्सप्रेस का 7 रुपये, डीलक्स का 8 रुपये, सुपर लग्जरी का 6 रुपये और राजधानी का किराया 7 रुपये कम किया गया है। उन्होंने सबरीमाला तीर्थयात्रा और शुभ अवसरों (शुभमुहूर्त) के लिए आरटीसी बसों की बुकिंग को प्रोत्साहित किया। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में टीजीएसआरटीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) डॉ. रविंदर, कार्यकारी निदेशक मुनिशेखर और विनोद कुमार, वित्त सलाहकार विजयपुष्पा, और एचवीओ श्रीदेवी, श्रीधर, वेंकन्ना, सुधा परिमाला, विजयभास्कर, श्रीनिवास राव सहित आरएम और डिप्टी आरएम ने भाग लिया।

# संगम मंदिर में अन्नकूट प्रसादी कल

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बारामचन्द्र मठ संगम मंदिर बापूघाट लंगरहौज में सोमवार 4 नवंबर को सायं 7.00 बजे से अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी भक्तों को ज्यादा से ज्यादा संख्या पधार कर प्रदान का लाभ लेने का महंत 1008 राहुलदास जी द्वारा आग्रह किया गया है।

# तेलंगाना के सीईओ ने 2025 के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी किया

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को 2025 के विशेष सारांश संशोधन के लिए राज्य के सभी 119 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का मसौदा जारी किया।

श्री रेड्डी ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 29 अक्टूबर- 2024 तक सेवा मतदाताओं सहित कुल मतदाताओं की संख्या 3,34,26,323 है। इसमें 1,66,16,446 पुरुष मतदाता, 1,68,07,100 महिला मतदाता और 2,777 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं। मसौदा सूची में 15,948 सेवा मतदाता और 3,578 विदेशी मतदाता भी शामिल हैं।उन्होंने बताया कि संशोधन प्रक्रिया के दौरान इस वर्ष 20 अक्टूबर से पहले जमा किये गये आवेदनों पर कार्रवाई की गयी। इसके तहत 08 फरवरी-2024 से 20 अक्टूबर-2024 तक प्रविष्टियों में 8,02,805 नये नाम जोड़े गये तथा 4,14,165 नाम हटाये गये जबकि 5,93,956 सुधार किये गये। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिक जो 01 जनवरी, 2025 तक 18 वर्ष के हो गये हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने नामांकन नहीं कराया है, उन्हें दावों और आपत्तियों की अवधि के दौरान आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो प्रक्रिया 28 नवंबर तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 06 जनवरी को प्रकाशित की जायेगी। इसके अलावा जो व्यक्ति 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर, 2025 को 18 वर्ष के हो जायेंगे, वे सूची में शामिल होने के लिए पहले से आवेदन करने के पात्र हैं। मतदाता पंजीकरण और अपडेट की सुविधा के लिए 09 और 10 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये गये हैं।श्री रेड्डी ने नागरिकों से वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन पर लॉग इन करके या मतदाता हेल्पलाइन मोबाइल एप का उपयोग करके मतदान केंद्र की जानकारी सहित अपने नामांकन विवरण को सत्यापित करने का आग्रह किया। किसी भी विसंगति को ऑनलाइन उपलब्ध फॉर्म 8 जमा करके या बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करके ठीक किया जा सकता है।



राजभवन में आयोजित हरियाणा फाउंडेशन डे के अवसर पर वाल्मिकी समाज की बेटियां निशा, मोनू, पल्लवी, चिन्नी ने समारोह में भाग लिया। समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और अन्य उपस्थित रहे।

# बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के तत्वावधान में अन्नकूटोत्सव आयोजित



**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के तत्वावधान में दिपावली एवं नूतन वर्ष के शुभ अवसर पर शनिवार दि. 2 नवम्बर 2024 को अन्नकुट महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञाप्ति में बताया गया कि प्रतीवर्षानुसार इस वर्ष भी आत्मचिन्तन स्वामी के पावन सानिध्य मे भव्याति भव्य अन्नकुट महाप्रसादी, गोवर्धन पूजा का आयोजन रसुलपूरा स्थित बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण मंदिर मे कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा शनिवार दि. 2 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया गया, तत्पश्चात गोवर्धन पूजा, महाआरती, उत्सव दर्शन एवं महाप्रसादी भोग का वितरण किया गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष करीब 1000 वंयजन का भोग बनाया जाता है जो कि भगवान को व्यंजनो का भोग लगाया गया जिसे बाद मे भक्तो मे वितरण किया गया। कार्याम मे भा.ज.पा. तेलंगाना राज्य अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, मलकाजगीरी सांसद ईटेला राजेन्द्रा, सिकंदराबाद कन्टोन्मेन्ट विधायक गणेश, भा.ज.पा. नेता विजेन्द्र गौड व विरेन्द्र गौड, अखिल भारत हिन्दु महासभा के राष्ट्रीय महासचीव स्वामी कमलेश महाराज, तेलंगाना आंध्रप्रदेश गुजराती समाज के अध्यक्ष घनश्याम पटेल, लव फार काऊ के चेयरमेन जसमत पटेल, श्री गुजराती सेवा मंडल के ट्रस्टी जसभाई पटेल व मंत्री जनक ब्रह्मभट्ट, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक मंत्री रिद्धीश जागीरदार, गुजराती वेलफेर सोसायटी के चेरमेन जिज्ञनेश दोशी, रसूलपुरा जैन संघ के अविनाश भंडारी व मुकेश कटारीया, गुजराती ब्रह्मण समाज अध्यक्ष तरूण महेता, पूर्व वार्ड मेमबर केशव रेड्डी, टी.एम.सी. शोरूम के चेरमेन चंद्रशेखर, समाजसेवी राम सिंह चौहान, संजय भट्ट, आदि ने भाग लिया । अवसर पर विशाल संख्या मे उपस्थित धर्मानुरागी भक्तो को संबोधीत करते हुए साधु आत्मचिन्तनदास स्वामी ने कहा कि भारतीय भक्ति परंपरा मे भगवान को भोग अर्पण करना एक महात्म्य है अपने प्रियतम ईष्टदेव को इच्छित व्यंजनो का भोग लगाकर भक्त भगवान की भक्ति का दिव्य आनंद प्राप्त करता है । भगवान के यह प्रसादिक भोग का आस्वाद करके भक्त धन्यता का अनुभव करता है । यही भाव से हर साल नूतन वर्ष के प्रारंभ मे भगवान के समक्ष भव्य अन्नकूट का भोग लगाकर भक्तजन आनंद मनाते है ।

स्वामीजी ने आगे कहा कि बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर ने भक्ति और कृतज्ञता के साथ अन्नकूट उत्सव मनाया, अन्नकूट उत्सव श्री अक्षर पुरूषोत्तम महाराज के प्रति कृतज्ञता और भक्ति की हार्दिक पेशकश है। इस मौके पर भगवान को 1000 से ज्यादा शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों का भोग लगाया गया. यह जीवंत त्योहार कई हिंदुओं के लिए नए साल का भी प्रतीक है। छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक लगभग 300 समर्पित स्वयंसेवकों ने उत्सव के लिए मंदिर को तैयार करने के लिए 2400 घंटे से अधिक की स्वैच्छिक सेवा का योगदान दिया।कार्याम का विषय बीएप-ीएस स्वयंसेवकों द्वारा 50 वर्षों की समर्पित सेवा के एक उल्लेखनीय मील के पत्थर के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सुवर्ण महोत्सव था।

# पूर्ण सत्यनिष्ठा और ईमानदारी बनाए रखना ही राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग : अरुण जैन

## दमरे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के हिस्से के रूप में इंटीग्रिटी वॉकथॉन का किया आयोजन




**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
दक्षिण मध्य रेलवे ने शनिवार 02 नवंबर को नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के हिस्से के रूप में इंटीग्रिटी वॉकथॉन का आयोजन किया। वॉकथॉन में दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन, अपर महाप्रबंधक, नीरज अग्रवाल, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक जे. विनयन, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल, वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, खेल कार्मिक, कर्मचारी और स्कूली छात्रों ने में बड़ी संख्या में भाग लिया।

दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने समाज की समृद्धि के लिए अखंडता के महत्व के बारे में जनता और रेलवे कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए रैली को हरी झंडी दिखाई और उसका नेतृत्व किया। रैली का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना, सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना, भ्रष्टाचार के प्रतिकूल प्रभाव को प्रचारित करना और भ्रष्टाचार के खतरे को शून्य पर लाना है।सभा को संबोधित करते हुए अरुण कुमार जैन ने कहा कि ईमानदारी का मतलब सिर्फ ईमानदारी नहीं है बल्कि इसका मतलब हमारे दिल और दिमाग का एकीकरण भी है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में अच्छे मूल्यों और प्रथाओं को शामिल करना चाहिए और बेहतर परिणाम के लिए सहकर्मियों और पड़ोसियों के बीच भी इसे प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें न केवल आपस में अखंडता का अभ्यास करना चाहिए बल्कि अपने चारों ओर अखंडता की संस्कृति भी बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सच्चे दिल और दिमाग से जो भी करेंगे, वह हमारे राष्ट्र की समृद्धि में इजाफा करेगा। महाप्रबंधक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान जनता, स्कूल/कॉलेज के छात्रों और रेलवे कर्मचारियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए प्रशिक्षण, सेमिनार और प्रतियोगिताओं आदि जैसी विभिन्न गतिविधियां शुरू करने के लिए सतर्कता विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा, आइए हम प्रतिज्ञा करें कि हम अपने राष्ट्र की समृद्धि के लिए पूर्ण सत्यनिष्ठा और ईमानदारी बनाए रखेंगे।

इससे पहले, जे. विनयन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वॉकथॉन सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जो एक महान नेता थे, जो ईमानदारी और चरित्र की ताकत के माध्यम से राष्ट्र के एकीकरण के लिए जाने जाते थे। महाप्रबंधक ने राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर जवाहरलाल नेहरू वास्तुकला और ललित कला विश्वविद्यालय में आयोजित कैरिकेचर पेंटिंग समापन के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण की घोषणा

# सनातन की रक्षा के लिए बनेगा नरसिंह वरही गणम बोर्ड

**अमरावती, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए नरसिंह वरही गणम बनाने का ऐलान किया है। साथ ही दूसरे धर्मों का अपमान करने वाले लोगों को उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर किसी ने ऐसा करने की हिमाकत भी की तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी सीएम ने प्रदेश के बंदोबस्ती विभाग को ऐसे सभी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जो भी दूसरे धर्मों के अपमान को बढ़ावा देते हों या उनमें शामिल हों। जनसेना पार्टी प्रमुख शुक्रवार को द्वारका तिरुमला मंडल के आईएस जगन्नाथपुरम में मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना का शुभारंभ करने के लिए आए थे। उसी दौरान उन्होंने ये बातें कहीं।



पवन कल्याण ने इस बात की जरूरत पर भी बल दिया कि प्रत्येक हिंदू को कुछ अनुशासन सीखने की आवश्यकता है।

इसके साथ ही उन्होंने एनडीए गठबंधन और मुख्यतौर पर महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणियां करके उन्हें सोशल मीडिया पर अपमानित करने की कोशिश करने वाले वाईएसआरसी के नेताओं को भी कड़ी चेतावनी दी। पवन कल्याण ने हैरानी व्यक्त की कि प्रदेश में चुनाव हुए इतने दिन बीत गए। इतनी बुरी हार के बाद भी वाईएसआरसी के लोग कुछ भी नहीं सीखना चाहते हैं। डिप्टी सीएम ने प्रदेश में फैले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है। पवन कल्याण ने आईएस जगन्नाथपुरम मंदिर का दौरा करने के बाद ऐलान किया है कि उन्होंने बंदोबस्ती विभाग के अधिकारियों और जिले के कलेक्टर से बात करके मंदिर को 4.5 करोड़ रुपए की लागत से विकसित करने की योजना बनाई है। साथ ही कलेक्टर को मंदिर की 50 एकड़ जमीन वापस करने को भी कहा है। साथ ही उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल्द ही पार्टी के सीनियर लीडर्स के साथ ट्रेड यूनियन, छात्र और सांस्कृतिक विंग बनाने को लेकर बात होगी।

# लॉरेंस के भाई अनमोल को अमेरिका से प्रत्यर्पण की कवायद

**मुंबई, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से वापस लाने की कवायद हो रही है। मुंबई पुलिस ने प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की है। यह मामला अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने से जुड़ा है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू की है। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में अनमोल मुंबई पुलिस की वांटेड सूची में शामिल है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) से संबंधित मामलों की विशेष अदालत ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अमेरिका ने बताया कि अनमोल उनके देश में मौजूद है। सचेत किए जाने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की।



मुंबई पुलिस अनमोल के प्रत्यर्पण की औपचारिकताओं को पूरी करने के लिए कुछ अदालती दस्तावेजों का इंतजार कर रही है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया के लिए केंद्र सरकार को एक औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। विदेश में अनमोल की तलाश के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है। अमेरिका से अलर्ट मिलने से पहले आशंका जताई जा रही थी कि अनमोल कनाडा में है। भारत की आतंकवाद निरोध एजेंसी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने अनमोल को वांटेड सूची में शामिल किया था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है। लॉरेंस बिश्नोई का गैंग साल 2022 में गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद सुर्खियों में आया था। इसी साल अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाई गई थी। इसकी जिम्मेदारी भी इसी गैंग ने ली है। मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई, उनके भाई अनमोल और कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बरार को इस मामले में आरोपी बनाया है।

# श्री विष्णु महायज्ञ एवं सत्संग-भजन 7 से

**हैदराबाद, 02 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री संकट मोचन वीर हनुमान भक्त मंडल भाग्यनगर द्वारा श्री विष्णु महायज्ञ एवं दिव्य सत्संग-भजन कार्यक्रम का आयोजन आगामी गुरुवार 7 से 13 नवंबर तक हिमायत सागर रोड कोतवालगुड़ा स्थित श्री संकट मोचन दक्षिणमुखी वीर हनुमान मंदिर में किया।

आयोजक श्री संकट मोचन वीर हनुमान भक्त मंडल भाग्यनगर के पंकज वर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या से पधारे पूज्य श्रीश्री 1008 स्वामी गोपालाचार्यजी द्वारा किये जा रहे चातुर्मास के समापन के अवसर पर 7 से 13 नवंबर तक श्री विष्णु महायज्ञ एवं दिव्य सत्संग भजन, संगीतमय रामचरित मानस अखंड पाठ, अन्नकूट, छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डॉ. राधाकांताचार्यजी स्वामी होंगे। धर्मप्रेमियों से यजमान बनकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि दि. 7 नवंबर को जल यात्रा सुबह 9.00 बजे, दोपहर 12.00 बजे अरणि मंथन द्वारा यज्ञ नारायण भगवान का प्राकट्य कार्यक्रम होगा। 7 से 13 नवंबर तक सुबह 9 से दोपहर 12 एवं मध्याह्न 3 से शाम 6.00 बजे तक पूजन, हवन एवं रात्रि में भजन सत्संग का कार्यक्रम होगा। दि. 9 नवंबर को सुबह 9 से 10 बजे तक संगीतमय रामचरितमानस अखंड पाठ होगा। दि.10 अक्तूबर को दोपहर 12.00 बजे अन्नकूट दर्शन एवं प्रसाद वितरण होगा। 13 नवंबर को श्री विष्णु महायज्ञ का विश्राम होगा। महा भंडारा दोपहर 12.00 बजे से रहेगा। यजमान बनने के लिए पंडित लाल शुक्ला महाराज, पंडित विनीत शुक्ला महाराज से संपर्क किया जा सकता है।

# चारमीनार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने कार्यालय कर्मचारियों को किया सम्मानित

**हैदराबाद, 02 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चारमीनार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर कार्यालय कर्मचारियों को उपहार एवं मिठाइयां प्रदान कर सम्मानित किया गया।






प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार चारमीनार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक मो. मुजाहिद साहब ने समस्त कार्यालय कर्मचारियों को सम्मानित करने के बाद कहा कि हिंदुस्तान में अपनी पहचान बनाने वाली चारमीनार ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज हैदराबाद ने हाल ही में शेरकोट्टी पेंट वॉल प्राइमर एमल्शन मार्केट में उतारा है। जो कि हिंदुस्तान की मार्केट में अपना वर्चस्व बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के उद्योपतियों, उद्यमियों एवं व्यापारियों की नजर में चारमीनार कंपनी की क्वालिटी और क्वांटिटी में कोई समझौता नहीं करती। उन्होंने कहा कि इससे पहले स्प्रे पेंट मार्केट में लाया गया था जो कि अपनी छाप छोड़ा था।

श्री मुहाहिद ने कहा कि चारमीनार का रोलर ब्रश हार्डवेयर की हिंदुस्तान में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि चारमीनार ग्रुप रोलर ब्रश की हिंदुस्तान में सबसे बड़ी कंपनी है। हिंदुस्तान में उच्च कोटि का रोलर और ब्रश रियायती दरों पर चारमीनार कंपनी के पास ही मिलता है। उन्होंने कहा कि चारमीनार ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज का सिर्फ रोलर ब्रश में ही कारोबर नहीं है बल्कि चारमीनार एग्रो फूड्स, फ्रोजन मटर, फ्रेंच फ्राइज़, स्वीट कॉर्न, चारमीनार पोल्ट्री, अंडे और मछली चारमीनार फिलामेंट हिंदुस्तान की सबसे बड़ी ब्रश फिलामेंट की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। 70 प्रतिशत ब्रश कंपनियों को फिलामेंट चारमीनार कंपनी से पूरे देश में जाता है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में चारमीनार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज का देश भर में कोई मुकाबला नहीं है और इसको बनाने में कर्मचारियों एवं सहयोगी का अथक प्रयास है। जिसके लिए मैं सभी का आभार मानता हूं और दीपावली की सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

# भारत-चीन के अधिकारियों की बैठक शीघ्र

**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** सरकार ने शनिवार को कहा कि चीन के साथ आर्थिक संबंधों एवं वीज़ा एवं आवाजाही शुरू करने के लिए दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों के बीच जल्द ही एक बैठक होगी।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अप्रैल 2020 की स्थिति की बहाली को लेकर हुए समझौते के बाद वीज़ा एवं आर्थिक संबंधों की बहाली के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जैसा कि कज़ान में नेताओं (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग) की बैठक में यह सहमति भी हुई है कि द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए विदेश मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के स्तर पर प्रासंगिक वार्ता तंत्र का उपयोग किया जाएगा। जल्द ही ये तंत्र एक-दूसरे के हित और चिंता के मुद्दों से निपटने के लिए मिलेंगे।

एलएसी पर मौजूदा स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगे जाने पर प्रवक्ता ने कहा, आप सभी जानते हैं कि 21 अक्टूबर को भारत और चीन के बीच आखिरी चरण के डिसइंगेजमेंट (सेनाओं को पीछे हटाने) पर सहमति बनी थी। परिणामस्वरूप, डेमचोक और डेपसांग में पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर सत्यापन गश्त शुरू हो गई है। हम आपको ताज़ा स्थिति की जानकारी देते रहेंगे।

**CHANGE OF NAME**

I, Rupali, Legally Wedded Spouse JC 780558M NB SUB PATIL SHRIRAM GOPICHAND of Unit/ Regt: MCEME, Secunderabad, R/o. Post: Kundane War, Tehsil: Dhule, District: Dhule, Maharashtra – 424002, have changed my name from RUPALI to RUPALI SHRIRAM PATIL, DOB is 14-03-1988 vide affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath, B.Com., BL on 30-10-2024



